श्री नरेश सकलानी, ग्राम त्यूंग परकंण्डी, विकासखण्ड ऊखीमठ

श्री नरेश सकलानी ग्राम त्यूंग परकंण्डी के मूल निवासी हैं। वर्ष 2019–20 से पूर्व प्रवासी थे श्री सकलानी उद्यान विभाग की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रेरित होकर एवं समय–समय पर तकनीकी जानकारियां मिलती रहने के कारण वर्ष 2019–20 में अपनी निजी 0.50 हैक्टेयर भूमि पर सब्जी उत्पादन (खीरा,टमाटर,भिंण्डी,मूली, बन्दगोभी, फूलगोभी,तुरई) का कार्य शुरू किया जिससे स्थानीय बाजार में बिक्री कर इनको काफी अच्छा लाभ प्राप्त हुआ है। वर्तमान में श्री नरेश सकलानी द्वारा सब्जी उत्पादन के कार्य से लगभग `1.00 लाख की आमदनी प्राप्त हुयी है। इसके अतरिक्त श्री नरेश सकलानी द्वारा जनपद के शिक्षित एवं प्रवासी बेरोजगारों को सब्जी उत्पादन हेतु प्रेरित कर सब्जी उत्पादन में उनको मार्ग दर्शन भी किया जा रहा है।

आज श्री नरेश सकलानी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं, पहाड़ से पलायन करने के बजाय अपने खेतों में ही सब्जी उत्पादन को रोजगार का साधन बनाकर अपना एवं क्षेत्र का आर्थिक विकास किया जा सकता है।